कांग्रेसीं चीन के राष्ट्रपति का पुतला व झंडा जलाते हुए।



# हमारा दून

## सार्वजनिक वाहनों में यात्रियों को देना होगा दोगुना किराया

**कैबिनेट फैसले**

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश मंत्रिमंडल की अहम बैठक गुरुवार को सचिवालय में हुई। कैबिनेट में राज्य में सार्वजनिक वाहनों के संचालन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में 30 किमी से कम दूरी के संचालन वाले सार्वजनिक वाहनों में किराया बढ़ाने का फैसला लिया गया है। अब यात्रियों को दोगुना किराया देना होगा। यह बढ़ा हुआ किराया कोविड एक्ट प्रभावी रहने तक मान्य होगा। इसके साथ ही कैबिनेट में कई और फैसले लिए गए।

राज्य में सार्वजनिक वाहनो के संचालन को लेकर कैबिनेट में चर्चा हुई। 30 किमी से कम दूरी के संचालन वाले सार्वजनिक वाहनों का किराया बढ़ा। अब यात्री को दोगुना किराया देना होगा। यह बढ़ा हुआ किराया कोविड एक्ध्ट प्रभावी रहने तक मान्य होगा। एक्ट समाप्त होते ही यह व्यवस्था समाप्त होगी।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 20,000 रोजगार पर फोकस किया गया। राज्य में मोटर साइकिल टैक्सी योजना को मंजूरी दी गई। साथ ही परिवहन विभाग को तत्काल नियमावली बनाने के आदेश दिए गए हैं। इसके लिए सहकारिता विभाग 60,000 रुपय का लोन देगा।

कावड़ यात्रा को लेकर सरकार ने निर्णय लिया है कि सीएम उत्तराखंड, सीएम उत्तर प्रदेश और सीएम हरियाणा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करेंगे। साथ ही दूसरे राज्यों को गंगाजल उपलब्ध कराने पर भी उत्तराखंड सरकार विचार कर रही है।

उत्तराखंड ऑन डिमांड टैक्सी सर्विस नियमावली को मंजूरी दी गई है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग में उप विपणन नियमावली को मंजूरी दी गई। उत्तराखंड राज्य भंडारण निगम के ढांचे को मंजूरी दी गई है। मुख्यालय में पदों की संख्या भी बढ़ गई है। अब हुए 21 से 24 पद।

बैठक में सरकारी गैर सरकारी चीनी मिल को लेकर निर्णय लिया गया है। एक्स्पर्ट कमेटी ने चार विकल्पों के साथ सौंपी अपनी रिपोर्ट।

बाजपुर में शर्त के साथ लगेगा पीपीपी मोड में 100 केएलपीडी क्षमता का एथनॉल प्लांट। सहकारिता नियमावली में संशोधन किया गया है। सहकारी समिति अपने शुद्ध लाभ में से करेगी अब फिक्स योगदान। केंद्रीय विद्यालय भीमताल को भूमि आवंटन को लेकर फैसला लिया गया है। केंद्र सरकार से दान में भूमि दिए जाने के लिए पत्र मिला था। 25 हेक्टेयर जमीन दान को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। कुंभ के लिए होने है निर्माण कार्य।

सीएम को कैबिनेट ने किया अधिकृत। अब ले सकेंगे सभी निर्णय।

## सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने की जरूरत

**बैठक**

सीएम की अध्यक्षता में सरकार और संगठन की समन्वय बैठक हुई आयोजित

जनता को जनहित में किए गए निर्णयों की जानकारी होनी आवश्यक: सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में सरकार और संगठन की समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में कोविड–19 के दृष्टिगत सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को सरकार द्वारा जनहित में किए गए निर्णयों की जानकारी होनी आवश्यक है। सरकार के सवा तीन साल के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन निर्णयों को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार और संगठन की संयुक्त रूप से है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से जुड़े कल्याणकारी कार्यक्रमों को समयबद्ध और प्रभावी रणनीति के साथ जनता तक पहुंचाने की जरूरत है। इसमें सभी लोगों का सहयोग लिया जाना चाहिए। यह भी जरूरी है कि संगठन के निचले स्तर से लेकर ऊपर तक पदाधिकारियों और विधायकों व दायित्वधारियों को सरकार की उपलब्धियों और उनके विधानसभा क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रभावी पहल की है। इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, प्रवासियों को स्वरोजगार के प्रयास, गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त राशन, मनरेगा में मजदूरी को बढ़ाने, अटल आयुष्मान का दायरा बढाकर प्रदेश के बाहर के नामी अस्पतालों में भी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिए जाने, स्वरोजगार के लिए आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराने, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है ऐसे प्रवासियों के लिए भी सस्ते दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

बैठक में राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास और जनहित के कार्यों को वर्चुवल कान्फ्रेंस और वर्चुवल मीटिंग के जरिए जनता तक पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया, इसके लिए सांसद, मंत्रियों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सांपी गई। प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री डा. धन सिंह रावत, मेयर सुनील उनियाल गामा, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, महामंत्री राजू भंडारी व कुलदीप कुमार भी उपस्थित थे।

### सीएम ने बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अनिल गांधी के निधन पर शोक व्यक्त किया

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दून बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अनिल गांधी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसियों ने चीन के राष्ट्रपति का पुतला व झंडा जलाया

**संवाददाता** देहरादून। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन में चीन के राष्ट्रपति का पुतला, चाइनीस मोबाइल, एलईडी एवं चाइना का झंडा फूंककर अपना विरोध दर्ज किया। आज युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता युवा कांग्रेस के संगठन महामंत्री संदीप चमोली के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में इकटठा हुए जहां पर चीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी के बीच प्रदर्शन कर चीन के राष्ट्रपति का पुतला, चाइनीस मोबाइल, एलईडी एवं चीन का झंडा फूंककर अपना विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर संदीप चमोली ने कहा है कि चीन ने भारत को 45 साल बाद फिर धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें भारत के कमांडिंग ऑफिसर समेत 20 सैनिक शहीद हो गए।

### बीएमडब्ल्यू एवं मिनी गाड़ियों के लिए अतुलनीय सर्विस एवं मेंटेनेंस पैकेज

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने सर्विस मेंटेनेंस में नए फायदे प्रस्तुत कर ग्राहकों के लिए खुशी के वादे को और मजबूत किया है। सर्विस इंक्लुसिव बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के पारदर्शी सर्विस पैकेजेस की श्रृंखला है, जिसमें मेंटेनेंस, इंस्पैक्शन, वियर–एंड–टियर शामिल है। रिपेयर इंक्लुसिव स्टैंडर्ड वॉरंटी की वृद्धि काभी ख्याल रखती है। एक आकर्षक अप फ्रंट पेमेंट में सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

## जनसमस्याओं का शीघ्र हो समाधान

**जनसुनवाई**

■ जिलाधिकारी ने की जन समस्याओं की सुनवाई की शुरूआत

देहरादून। **संवाददाता**



कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों द्वारा प्रस्तुत की गयी समस्याओं की जनसुनवाई करते हुए उसके समाधान के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। जन सुनवाई के लिए पहले पंजीकरण कराने वाले 25 फरियादियों में से आज 19 फरियादियों ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये, जिनका जिलाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। और आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता करते हुए निर्धारित समय–सीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस दौरान अधिकतर प्रकरण सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण से सम्बन्धित सामने आये। अतिक्रमण से सम्बन्धित प्रकरण के तहत् हाथी–बड़कला गांव में सड़क पर अतिक्रमण करने से 20 परिवारों का मुख्य सड़क से सम्पर्क टूटने की शिकायत की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जिलाधिकारी ने चकतुवाला वार्ड–68 में भूमि कटाव से बचाव हेतु पुश्ता निर्माण के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग को, ग्राम पंचायत आमवाला में पेयजल समस्या के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान को तथा अजबपुरकलां के एकता कालोनी में पेयजल व विद्युत कनेक्शन के सम्बध में उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, दिव्यांग पेंशन लगवाने, डेंगू से बचाव हेतु नगर निगम द्वारा फॉगिंग करवाने, लॉक डाउन की वजह से आर्थिक मदद की मांग इत्यादि से सम्बन्धित प्रकरण फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किये गये, जिसके त्वरित समाधान के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये।

जिलाधिकारी द्वारा शुरू की गयी जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश करने वाले फरियादियों की थर्मल सक्रीनिंग की गयी तथा प्रॉपर सेनिटाइजेशन और सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा गया।

### उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण में तेजी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। गुरुवार दोपहर ढाई बजे तक 57 नए मामले सामने आए हैं। अब कुल संक्रमितों का आंकड़ा 2079 पहुंच गया है। नए मामलों में अल्मोड़ा में एक, चमोली में तीन, देहरादून में 28, हरिद्वार में पांच, पौड़ी में 14, टिहरी में एक, रुद्रप्रयाग में चार, और उत्ध्तरकाशी में एक लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं, आज आठ लोग पूरी तरह से स्वस्थ हुए हैं। अब तक 1262 लोग ठीक होकर अस्पतालों से डिस्चार्ज हो चुके हैं। जबकि 26 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है।

केंद्र के निर्देशों के क्रम में प्रदेश सरकार ने दून अस्पताल को उत्तराखंड में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया है। डॉ. अनुराग अग्रवाल को इसका नोडल अधिकारी नामित किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा दून अस्पताल को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस घोषित करने के बाद अब यह प्रदेश के सभी अस्पतालों को कोरोना के इलाज के संबंध में गाइड करेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।